कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गोण्डा ,

पत्र स0–269/मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गोण्डा दिनांक 24.09.2024

विज्ञप्ति / सूचना

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गोण्डा के अन्तर्गत सेवानिवृत्त कर्मचारी को संविदा के आधार पर पूर्ण कालिक (सेवा स्थानान्तरण /प्रतिनियुक्त),कर्मिको की तैनाती होने तक के लिए जो भी पहले हो ,सेवायें प्रदान करने के इच्छुक ऐसे सेवानिवृत्ति कर्मियों से दिनांक 23.10.2024 के सायं 3.00 बजे तक आवेदन संलग्न प्रारूप पर आमंत्रित किए जाते है जिनकी उम्र 65 वर्ष से अधिक न हो । इसके पश्चात प्राप्त कोई भी आवेदन–पत्र ,स्वीकार नही किया जायेगा । अभ्यर्थियों का चयन इस निमित्त गठित नियुक्ति समिति के द्वारा नियत स्थान पर साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा ।

रिक्त पद हेतु वेतनमान तथा वांछित अहर्ताए निम्न है:–

क0सं0	पदनाम	पदों की संख्या	वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन	वांछित अहर्ता
1	कनिष्ट सहायक	1	सेवानिवृत्त कार्मिक की संख्या के आधार पर रखे जाने पर सहमति इस शर्त के आधीन प्रदान की जायेगी कि सेवानिवृत्ति कार्मिक को संविदा के रूप में मिलने वाली राशि ,संबंधित कार्मिक के अंतिम आहरित वेतन में शुद्ध पेंशन की धनराशि(राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो)को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर मानदेय प्रतिमाह देय होगा ।	माननीय उच्च न्यायालय/जिला न्यायालय से कार्यानुभव रखने वाले सेवानिवृत्त कनिष्ट सहायक को वरीयता दी जायेगी ।
2	सहायक लेखाकार	1	सेवानिवृत्त कार्मिक की संख्या के आधार पर रखे जाने पर सहमति इस शर्त के आधीन प्रदान की जायेगी कि सेवानिवृत्ति कार्मिक को संविदा के रूप में मिलने वाली राशि ,संबंधित कार्मिक के अंतिम आहरित वेतन में शुद्ध पेंशन की धनराशि(राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो)को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर मानदेय प्रतिमाह देय होगा ।	1–माननीय उच्च न्यायालय/जिला न्यायालय से कार्यानुभव रखने वाले सेवानिवृत्त सहायक लेखाकार को वरीयता दी जायेगी । 2–लेखाकार्य अनुभव अथवा योग्यता आवश्यक है ।

3	आशुलिपिक	1	सेवानिवृत्त कार्मिक की संख्या के आधार पर रखे जाने पर सहमति इस शर्त के अधीन प्रदान की जायेगी कि सेवानिवृत्ति कार्मिक को संविदा के रूप में मिलने वाली राशि ,संबंधित कार्मिक के अंतिम आहरित वेतन में शुद्ध पेंशन की धनराशि(राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो)को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर मानदेय प्रतिमाह देय होगा ।	माननीय उच्च न्यायालय/जिला न्यायालय से कार्यानुभव रखने वाले सेवानिवृत्त आशुलिपिक को वरीयता दी जायेगी ।

उपरोक्त पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन--पत्र (जिसमें नाम,पिता का नाम, जन्म--तिथि स्वप्रमाणित फोटो एवं सम्पूर्ण योग्यता ,मोबाइल नम्बर,ई--मेल आइडी अनुसार आदि का उल्लेख हो)के साथ आवश्यक अभिलेख यथा शैक्षिक-- प्रमाण--पत्र, चरित्र प्रमाण--पत्र,सेवानिवृत्त पेंशन प्रपत्र इत्यादि संलग्न कर कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गोण्डा के पते पर प्रेषित करें। चयन हेतु गठित समिति के अध्यक्ष को समस्त आवेदन पत्रों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा । चयनित अभ्यर्थी को चयनित होने की सूचना उनके मोबाइल नम्बर/ई--मेल पर दी जायेगी।चयन में सम्मिलित अभ्यर्थियों को कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा ।

संलग्न प्रारूप पर आवेदन--पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ,गोण्डा के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करें । अपूर्ण आवेदन--पत्र अथवा अहस्ताक्षरित आवेदन--पत्र स्वीकार नहीं होगें ।

आवेदन का प्रारूप http://gonda.dcourts.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है ।

इस विज्ञप्ति/सूचना की एक--एक प्रति जिला एवं सत्र न्यायाधीश ,कमिश्नर कार्यालय ,जिलाधिकारी कार्यालय ,जिला नियोजन अधिकारी कार्यालय तथा जिला जनसम्पर्क कार्यालय आर0टी0ओ0 कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाय । जनपद न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय की वैबसाइट पर भी प्रकाशित किया जाय एक प्रति, बार एसोसिएशन गोण्डा को भी प्रति प्रेषित हो ।

(अशोक कुमार --सप्तम)
एच0जे0एस0
अध्यक्ष चयन समिति/पीठासीन अधिकारी,
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,
गोण्डा ।

दिनांक-- 24.09.2024

Vide letter No. 260/ MACT Gonda/ 25/9/24 to Hon'ble DJ.

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गोण्डा ।

सहायक लेखाकार, कनिष्ट सहायक व आशुलिपिक के पद पर

अस्थायी नियुंक्ति हेतु आवेदन–पत्र ।

1	अभ्यर्थी का नाम		स्वाप्रमाणित फोटो
2	अभ्यर्थी के पिता का नाम		
3	अभ्यर्थी की जन्म तिथि		
4	अभ्यर्थी का पता व मोबाइल नम्बर व ई–मेल		
5	अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता		
6	अभ्यर्थी के पूर्व सेवा की प्रकृति व विवरण		
7	अभ्यर्थी क्या सेवानिवृत्ति हुआ है?अथवा पदच्युत हुआ है ?		
8	क्या विभागीय कार्यवाही लम्बित है यदि हो, तब विभागीय कार्यवाही के कारण?		
9	सेवानिवृत्त होने की तिथि		
10	अभ्यर्थी के पूर्व सेवा नियोजन का नाम/ विभाग का नाम		
11	अभ्यर्थी को जिला न्यायालय व मा0 उच्च न्यायालय में कार्य करने का अनुभव की प्रकृति व विवरण		

सत्यापन

प्रमाणित करता हूं कि जो सूचना मैने इस प्रार्थना पत्र मे दी है वह सत्य है कोई तथ्य छिपाया नही है ।समस्त दी गयी सूचना को शपथ–पत्र पर सत्यापित करता हूं।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

दिनांक–